Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

167

तबला-कौमुदी

द्वितीय भाग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai



रामशंकर 'पागलदास'

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तबला कौमुदी

द्वितीय भाग

[उच्च कक्षाओं के शास्त्र तथा क्रियात्मक अभ्यास के हेतु उपयुक्त पुस्तक]

लेखक

रामशंकर 'पागलदास'

मृदंग केसरी, तबला शास्त्री

प्रकाशक

रामचन्द्र संगीतालय

ग्वालियर-१

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प्रथम संस्करण—
सन् १९६७

मूल्य रु० ७.००

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रकाशक :
शंकर रामचन्द्र गोलवलकर
रामचन्द्र संगीतालय
संगीत पुस्तक प्रकाशक तथा विक्रेता
गाड़वे की गोठ, ग्वालियर-१ (म० प्र०)

मुद्रक :
प्रभात प्रिंटिंग प्रेस,
ग्वालियर-१

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

समर्पण

स्व० पं० सन्तशरणजी 'मस्त' संगीताचार्य, अयोध्या

के

पादपद्मों में सप्रेम समर्पित

रामशंकर 'पागलदास'

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

दो शब्द

"तबला कोमुदी" का यह द्वितीय भाग जिसका संगीत जगत बहुत दिनों से प्रतिक्षा कर रहा था, प्रभू श्रीरामचन्द्रजी की कृपा से आज प्रकाशित हो रहा है।

पुस्तकों की रचना का कारण अपनी विद्वत्ता प्रदर्शित करना नहीं है अपितु संगीत क्षेत्र में ताल सम्बन्धी पुस्तकों का अभाव देखकर ही ऐसी धृष्टता की गई है। तबला एवं मृदंग सम्बन्धी पुस्तकें जो अन्य स्थानों से प्रकाशित हुई हैं उनके सम्बन्ध में "को बड़ छोट कहे अपराधु, सुनि गुन भेद समुझिह साधु" लिखना अधिक है। किन्तु अभी तक प्रकाशित ताल सम्बन्धी रचनाओं को देखते हुए यह कहना पड़ेगा कि इन पुस्तकों से संगीत क्षेत्र की कमी पूरी नहीं होती। हां, यदि इस प्रकार प्रयास होता रहा तो एक न एक दिन ताल सम्बन्धी पुस्तकें अधिक संख्या में प्रकाशित होने से रिक्त स्थानों की पूर्ति हो सकेगी।

कुछ उस्ताद पुस्तकों के प्रकाशन के विरुद्ध आवाज उठाते थे। क्योंकि उनकी भावनायें संकीर्णता की डोर में जकड़ी हुई थी। वे समझते थे कि पुस्तकें छपवाने से मेरी जीविका एवं उस्तादी इन दोनों के लिए हानि है। पुराने लोगों में यह प्रथा प्रचलित थी कि अपने लड़के को, दामाद को या अन्य किसी विशेष सम्बन्धी को ही अपनी कला का ज्ञान कराएँ और उन्हीं लोगों को ठीक रीति से बताने की प्रणाली चली आ रही थी। बेचारे शिष्यों ने तो जब अनेक वर्ष चरण दबाये, कुछ धन गवाया, तब कहीं थोड़ी सी कृपा हो सकी। अन्यथा "लगे रहो, यह तो आजीवन सीखने की कला है" कहा जाता था। किन्तु संगीत सम्बन्धी पुस्तकों ने एवं संगीत संस्थाओं ने इस दिशा में एक नया मोड़ देने से कला को सर्व साधारण में प्रविष्ट होने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

यदि भूतकाल के कलाकार अपने विचारों को उदारता से व्यवहृत करते तो आज तक का इतिहास विवादपूर्ण नहीं रहता। सबसे बड़ी बात तो यह है कि घराने की अच्छाई कला के अभ्यास पर निर्भर है, निरर्थक विवाद पर नहीं। हम लोग तो कला के सेवक हैं। कला उस कलाकार को है जिसने सृष्टि के आदिकाल से आज तक उसे सुरक्षित रखा है। जो हम सबों की एक अक्षुण परम्परा है। इतना ही नहीं; इसका प्रत्यक्ष प्रमाण "रागी बागी पारखी, उपजे अंग स्वभाव" से सिद्ध हो जाता है। क्योंकि इसमें किसी घराने का सुझाव नहीं है।

वस्तुतः सत्य तो यह है कि कला का दिन प्रतिदिन नव विकास हो और अच्छी-अच्छी प्रतिभाएँ जनता के समक्ष निष्पक्ष रीति से लाई जावें। क्योंकि कला

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

का सच्चा सुख आत्म शान्ति है। जब तक हम उसका अनुभव नहीं करते तब तक हम अधूरे, हमारी कला अधूरी और हमारा घराना अधूरा है।

मित्रो ! सच्ची बातें कुछ कड़वी होती हैं इसलिए क्षमा प्रार्थी हूँ। मेरी तो यह भावना है कि संगीत के क्षेत्र में से 'तू तू मैं मैं' का रोग हट जाय। जिन्होंने इस क्षेत्र में परिश्रम किया है और ईश्वर से कलात्मक प्रतिभा भी पाई है वे सभी कला की सेवा के योग्य हैं। उन्हें निष्पक्ष रूप से देखने की कृपा कलाकार एवं सरकार को करनी चाहिये। तभी कला का सर्वांगीण विकास सम्भव है।

प्रस्तुत पुस्तक में जो रचनाएँ दी हैं वह स्व० पं० संत शरणजी 'मस्त' तथा अन्यान्य कलाकारों से प्राप्त की हुई हैं। साथ ही कुछ नवीन रचनाएँ भी दी गई हैं जो एक से एक लचीली हैं। किन्तु यह कथनी का नहीं करनी का विषय है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार मेरी अन्य पुस्तकों को संगीत जगत ने अपनाया है उसी ही प्रकार इस पुस्तक को भी अपनाकर मुझे कृतार्थ करेगा।

प्रीतिरीति प्रति पालक परम स्नेही श्री राघव सरकार जो एक अनुपम कलाकार हैं, उनकी अनुकम्पा ने इस 'पागलदास' को ऐसा बना दिया जो आज धन्यवाद देने की धृष्टता कर रहा है।

इस पुस्तक की रचना में स्व० पं० सन्तशरणजी 'मस्त' (अयोध्या), श्री भगवानदासजी, मृदंगाचार्य (साकेत), स्व० पं० अनोखेलाल के शिष्य सन्त श्री रामदेव शरण (वाराणसी) आदि के सहयोग के लिये धन्यवाद के अधिकारी हैं। पुस्तक में अन्य आवश्यक माहिती सम्मिलित कर पुस्तक को अधिक उपयुक्त बनाने में प्रकाशक के सुपुत्र श्री गोपाल गोलवलकर के सहयोग के लिये वे धन्यवाद के अधिकारी हैं।

प्रभात प्रिंटिंग प्रेस, ग्वालियर के संचालक एवं कर्मचारीगण जिन्होंने पुस्तक शीघ्र छापकर दी, उन सभी को धन्यवाद।

अन्त में "रामचन्द्र संगीतालय" के संचालक श्री शंकर रामचन्द्र गोलवलकर को पुस्तक प्रकाशन के लिये धन्यवाद देता हूं।

विजया दशमी
दिनांक १२ अक्टूबर १९६७

रामशंकर 'पागलदास'

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अनुक्रमणिका

विषय			पृष्ठ
१.	ताल	....	१
२.	ताल के दस प्राण	....	२
३.	तबले के बोल समूह	....	१३
४.	परन तथा कायदा	....	१४
५.	परनों के भेद	....	१५
६.	तीया	....	१७
७.	तबले के कुछ पारिभाषिक शब्द	....	,,
८.	तबले के घराने	....	२०
९.	अवधी बाज	....	२२
१०.	उत्तर भारतीय ताल रचना के सिद्धान्त	....	२३
११.	बोल निकालने की विधि	....	२४
१२.	ताल—लिपि	....	२६
१३.	किसी एक ताल में अन्य तालों को बजाना	....	२७
१४.	समान मात्राओं के भिन्न-भिन्न तालों के लिए पृथक परनों की आवश्यकता है क्या ?		२८
१५.	स्मरण रखने योग्य बातें	....	,,
१६.	कर्नाटक (दक्षिण) ताल पद्धति	... .	,,
१७.	कर्नाटक ७ तालों को हिन्दुस्तानी पद्धति में नीचे दिये अनुसार लिखा जा सकता है		३१
१८.	सूलताल तथा एकताल कर्नाटक ताल-पद्धति में	....	३३
१९.	कर्नाटक तथा हिन्दुस्तानी ताल पद्धति की तुलना	....	,,
२०.	पाश्चात्य-स्वरलिपि पद्धति	....	३५
२१.	पाश्चात्य ताल-पद्धति के पारिभाषिक शब्द	....	३६
२२.	ध्वनिकाल लिखना	....	,,
२३.	विविध मात्राओं का लिखना	....	३७
२४.	मात्रा काल बढ़ाना तथा कलित लयकारियों को लिखना	....	३८
२५.	टिकाव	....	३९
२६.	शान्तिकाल बढ़ाना, टिकाव स्थिर रखना	....	४०

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

विषय		पृष्ठ
२७.	पाश्चात्य संगीत के ताल	४०
२८.	पाश्चात्य संगीत से भारतीय संगीत में ताल को अधिक महत्व क्यों है ?	४३
२९.	चिन्ह परिचय	४४
३०.	तीनताल–ठेका, प्रकार, अवधी, दिल्ली, बनारसी, तथा लखनवी बाज में कायदे, प्रस्तार, गते, रेले, तीये, मुखड़े, मोहरे, परने, नृत्य के बोल—परमिलु, सार्थक परन, गुरु वन्दना, स्तुति, प्रणामी आदि ।	४५-१७७
३१.	१४ मात्राओं के ताल–धमार, जत दीपचन्दी, फरोदस्त, झूमरा, आड़ा चौताल–प्रस्तार, तीये, कायदे, रेले, बांट, मोहरे, गते, नृत्यांगी बोल समूह, परमिलु, परने, ध्यान ।	१७८-१९४
३२.	१२ मात्राओं के ताल–मोहन, मदन, रति, चौताल, एकताल–कायदे, तीये, गते, रेले, मुखड़े, मोहरे, परने, नृत्यांगी बोल समूह ।	१९५-२२९
३३.	१० मात्रा के ताल–शक्ति, षण्मुख, सुदर्शन, सूल, झपताल,–प्रस्तार, कायदे, तीये, पेशकार, गते, रेले, मुखडे, मोहरे, परने, नृत्यांगी बोल समूह ।	२३०-२५८
३४.	७ मात्रा के ताल–समीर, लक्ष्मीशेखर, अंतर क्रीड़ा, तेवरा, रूपक–प्रस्तार, कायदे, गते, रेले, पेशकार, मोहरे, परने, तीये ।	२५९-२६९
३५.	दादरा—प्रस्तार, कायदे, गते, रेले, मोहरे, तीये	२७०-२७६
३६.	कहरवा—प्रकार, प्रस्तार, चलन, लग्गियां, बल, बांट, मोहरे	२७७-२८३
३७.	अन्य तालों के ठेके—ब्रह्म, वंसत शिखर, टप्पा, ठुमरी, तिलवाड़ा, पंजाबी, सवारी १५ मात्रा की, गजझम्पा, सवारी १४ मात्रा की, खेमटा, वसंत, मत्त, धुमाली, कव्वाली, लावणी	२८३-२८६
३८.	जीवनियां—कुदऊसिंह, नाना पानसे, रामसहायजी, कण्ठे महाराज, अहमदजान थिरकवा, अनोखेलाल ।	२८७-२९३
३९.	ताल सम्बन्धी प्रश्न	२९३-२९७
४०.	परिशिष्ट—कायदे दिल्ली बाज में	२९८-३०१

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तबला कौमुदी

द्वितीय भाग

ताल

बालक अत्यानंद में आकर गाते, ताली (ताल) बजाते और नाचने लग जाते है। इससे यह प्रतीत होता है कि गीत, ताल तथा नाच ये आनन्द के साक्षात्कार हैं। गीत और नाच की प्रतिष्ठा ताल से ही है। केवल ताल-वाद्यों का वादन सुनते समय हमारे हाथ, सिर या पैर हिलने लगते हैं अथवा ताल-गति का अनुकरण करने लगते हैं। संकोच के कारण हम तो नहीं नाचते किन्तु बालक नाचने लगते हैं। इससे यह कहना अत्युक्तिपूर्ण न होगा कि आनन्द ही ताल के रूप में विद्यमान है।

'काल' और 'मान' इन दोनों के संयोग से ताल उत्पन्न होता है। 'ताल' यह शब्द प्रतिष्ठार्थक 'तल' धातु से उत्पन्न होने के कारण उसका नाम सार्थक होता है।

'ताल' शब्द का अर्थ शिव-शक्ति (ता=शिव; ल=शक्ति) है ऐसा कहते हैं। अर्थात् श्री शिव और उनकी शक्ति श्री पार्वती इनके संयोग से ताल का निर्माण हुआ।

कालिय मद मर्दन कियो, कृष्ण कुंवर नन्द लाल।
नृत्य काल पद घात से, प्रकट भये सब ताल॥

दूसरा भाव—

रतन चतुर्दश मथिलियो, देव दनुज वहि काल।
प्रमुदित मन निरतत फिरे, इमि प्रकटे सब ताल॥
सम गति देव समाज की, विषम दनुज प्रकटाय।
जग जा गति गतिवान हो, साड़े ताल कहाय॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संगीत ही क्या, समस्त सृष्टि-क्रम में एक अपूर्व ताल-व्यवस्था अर्थात् काल की नियमितता दृष्टिगोचर होती है। ताल के बिना तो पग पटकना अथवा समुद्र मंथन करना दोनों ही असम्भव हैं। इसलिये ताल अनादि है। अब यदि ताल की व्यापकता सोची जाय तो वह प्रत्येक व्यक्ति के लिये सुलभ है। कारण खाना-पीना, सोना-जागना, उठना-बैठना, जन्म-मरण आदि सभी तो ताल पर आधारित हैं। जबतक नाड़ी की चाल (गति) सम रहती है तबतक स्वास्थ्य ठीक समझा जाता है और जहाँ नाड़ी की चाल में गति भंग का दोष आया बस वहाँ तुरन्त डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है।

कलना सर्व भूतानां सकालः परिकीर्तितः।

भगवत भक्तों के लिये 'गन्धर्व विधान" में लिखा है कि पूजा से कोटि गुना फल स्तोत्र पाठ से होता है, स्तोत्र पाठ से कोटि गुना फल मंत्र जप करने से होता है और जप से कोटि गुना फल गायन द्वारा प्राप्त होता है।

संगीत को कालबद्ध करने के हेतु ताल की आवश्यकता होती है। दोनों हाथों के संयोग-वियोग द्वारा ताल की क्रिया प्रकट की जाती है। ताल में सशब्द और निशब्द क्रियाओं द्वारा काल का 'मान' अथवा 'नाप' किया जाता है।

प्राचीन काल से ताल के अंग-लघु, गुरू, प्लुत आदि के आधार पर हैं। ये तीनो शब्द अक्षरों के मात्राकाल के नाम हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि तालों की उत्पत्ति वृत्तों के गुरु, लघु आदि के अक्षर-नियम अर्थात् छन्द से हुई है। अक्षरों का नियम ऋग्वेद काल से चला आता है। इस नियम का नाम छन्द है। ऋग्वेद में हर एक मंत्र का अलग-अलग छन्द है।

'तालबद्ध' और 'अनिबद्ध' ये दो गीत के प्रकार हैं। कुछ समय तक तो गीत के लिए ताल की आवश्यकता नहीं होती। परन्तु नृत्य के लिए ताल प्राणरूप है। इसी कारण गीत शास्त्रों की अपेक्षा नृत्य शास्त्रों में तालों का विवरण अधिक मिलता है।

ताल के दस प्राण

कालो मार्गः क्रियांगानि ग्रहो जाति कला लयाः।
यति-प्रस्तार कश्चेति ताल प्राणाश्शस्मृताः॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग्रंथकारों ने ताल के दस प्राण माने हैं। उपरोक्त श्लोक के अनुसार ताल के दस प्राण निम्नलिखित हैं—(१) काल, (२) मार्ग, (३) क्रिया, (४) अंग, (५) ग्रह, (६) जाति, (७) कला, (८) लय, (९) यति और (१०) प्रस्तार। इन शब्दों का प्रयोग हिन्दुस्तानी तथा कर्नाटकी संगीत में यदाकदा आज भी होता रहता है।

(१) काल—साधारण अर्थ में काल शब्द बहुत व्यापक होकर उसके अन्तर्गत पृथ्वी के आदि से अन्ततक का समय निहित है और जो अखंडित है। व्यवहार में इस अनंत काल को युगों, वर्षों, महिनों, दिनों आदि में विभाजित किया गया है। किन्तु यहां केवल गायन, वादन तथा नृत्य में जो समय लगता है उससे मतलब है। संगीत का प्रत्येक अंश लय और ताल पर आधारित है। प्रारम्भिक ताल के पश्चात आनेवाली तालियों में जो समय का नियंत्रण रहता है उसे हम काल कहते हैं। अर्थात् ताल के पश्चात् भी काल अबाध गति से चलता रहता है। संगीत के क्षेत्र में काल को नापने के साधन मात्रा, विभाग और ताल हैं।

(२) मार्ग—मार्ग का शब्दार्थ तो रास्ता, नियम अथवा प्रणाली से है। जिस प्रणाली से ताल पहली मात्रा से अन्तिम मात्रा तक चलता है उसे हम मार्ग कहेंगे। इसमें इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि मात्रा का प्रमाण कितना बड़ा है। तालियाँ, खालियाँ तथा विभाग किस रीति से और कितनी-कितनी दूरी पर आते हैं शास्त्रों में चार मार्गों का उल्लेख किया हुआ है। जैसे ध्रुवमार्ग, चित्रमार्ग वार्तिक मार्ग तथा दक्षिण मार्ग। इनमें ध्रुवमार्ग १ मात्रा, चित्रमार्ग २ मात्रा, वार्तिक मार्ग ४ मात्रा एवं दक्षिण मार्ग में ८ मात्राओं से एक पाद-भाग निर्माण होता है। इसी आधार पर एक-कल त्रिताल (एक मात्रा काल में एक ताल) द्विकल त्रिताल एवं चतुष्कल त्रिताल का प्रयोग किया जाता है। जिन्हें साधारण शब्दों में चौगुन दुगुन तथा ठायलय कह सकते हैं। यह चारों मार्ग उत्तर एवं दक्षिण पद्धतियों में उपयोगी हैं।

(३) क्रिया—क्रिया का अर्थ है करके बताना। जिस ताल को प्रदर्शित करना है उसे स्पष्ट करके दिखाने की क्रिया को ही क्रिया कहते हैं। यह दो प्रकार से की जाती है। जैसे—सशब्द और निःशब्द। ताली बजाकर ताल प्रदर्शित करने की क्रिया को सशब्द क्रिया कहते हैं। किन्तु हाथ को ऊपर नीचे हिलाकर बिना आवाज किये हुए अर्थात संकेत से ताल प्रदर्शित करने की क्रिया को निःशब्द क्रिया कहते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अभ्यास करना, ताल देना, वादन-काल में सर्वांगपर मुद्रा-दोष सम्बन्धी नियंत्रण रखना, गायन, वादन और नृत्य की संगत करने में चतुरता पूर्वक निर्वाह करना, स्वयं श्रोताओं को अपनी कला की ओर आकर्षित करना ये सभी बातें "क्रिया" में आती हैं। ऊपर बतायी हुई दोनों क्रियाओं के अन्तर्गत चार-चार क्रियाओं का और भी निवास है। प्रयोग में इन क्रियाओं का व्यवहार सर्व साधारण से भी होता रहता है किन्तु इनका व्याख्यात्मक ज्ञान रखना भी शिक्षार्थियों के लिये उपयोगी है। कला में शास्त्र तथा क्रियात्मक (प्रॅक्टिकल) इन दोनों का ज्ञान होना अत्यावश्यक है।

सशब्द क्रिया की चार क्रियायें—ध्रुवा, शम्पा, ताल और सन्निपात हैं।

(१) ध्रुवा—चुटकी बजाना।

(२) शम्पा—दाएँ हाथ पर बाएँ हाथ से आघात करना।

(३) ताल—बाएँ हाथ पर दाएँ हाथ से आघात करना।

(४) सन्निपात—दोनों हाथों से समान रूप से आघात करना।

निःशब्द क्रिया की चार क्रियायें—अभाव, निष्काम, विक्षेप और प्रवेश।

(१) अभाव—अंगुलियों को बन्द करना।

(२) निष्काम—अंगुलियों को खोलना।

(३) विक्षेप—दाहिनी ओर अंगूलियों को हिलाना।

(४) प्रवेश—हाथ को नीचे की ओर ले जाना।

खाली की क्रियाओं को समाप्त करके पुनः आनेवाली ताली के लिये तत्पर रहना यह 'प्रवेश' है। इन सभी क्रियाओं की समाप्ति पर प्रवेश क्रिया का प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण स्थान है। अथवा प्रवेश क्रिया द्वारा यह संकेत मिलता रहता है कि आगे ताल की क्रिया में प्रवेश करने के लिये तत्पर रहना चाहिये।

(४) अंग—ताल के विभिन्न भाग या अवयव अंग कहलाते हैं। इन अंगों द्वारा हम एक ताल को दूसरे ताल से पृथक करते हैं। किसी एक ताल के अन्तर्गत जितनी ताली एवं खाली पड़ती हैं उतने ही उसके अंग समझना चाहिए। जैसे—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

त्रिताल में तीन ताली और एक खाली अर्थात् चार अंग हुए। इसी प्रकार सब तालों के अंग समझना चाहिये। ये प्रधानतः छः प्रकार के हैं।

(१) अनुद्रुत, (२) द्रुत, (३) लघु, (४) गुरू, (५) प्लुत और (६) काकपद—ये ताल के षडांग (छः अंग) कहलाते हैं।

अनुद्रुतो द्रुतश्चैव लघुर्गुरू प्लुतस्तथा।
काकपद तथा प्रोक्तं तालगभिति षडविधम्॥

ऊपर लिखे छः अंगों के नाम, उनके चिन्ह और उनकी मात्राओं की संख्या निम्नलिखित है।

क्रमांक	अंग नाम	चिन्ह	मात्राओं की संख्या
१	अनुद्रुत	‿	१
२	द्रुत	०	२
३	लघु	।	४
४	गुरु	8 या ऽ	८
५	प्लुत	8 या ३	१२
६	काकपद	+	१६

उपरोक्त छः अंगों की सहायता से कर्णाटकी संगीत पद्धति के सब ताल लिखे जाते हैं।

(५) ग्रह—ताल और गीत के आरम्भ के बीच समय की समानता अथवा भिन्नता बताने को ही ग्रह कहा जाता है। ग्रह के चार प्रकार यह हैं—(१) सम (२) अतीत (३) अनागत (४) विषम।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

समातीनागताश्च विषमश्च ग्रहामतः ।
चत्वार कथितास्ताले सूक्ष्मदृष्टया विचक्षणौः ॥

(६) सम—ताल तथा गीत का एक ही समय पर शुरू होना अर्थात् गीत का आरम्भ ताल की पहली मात्रा से हो तो उसे 'समग्रह' कहते हैं। जैसे:—

धा धिं धिं धा	धा धिं धिं धा	धा तिं तिं ता	ता धिं धिं धा
×	२	०	३
नि̲ (नि̲) प प	ध̲ प ग̲ म	प नि̲ प पम	ग गरे नि̲ सा
कृ ष्ण मु	रा री बि न	ती क र तस	क रस हा री

यहाँ ताल और गीत एक समय पर शुरू होते हैं। अतः यह 'समग्रह' कहलायगा। जिन बन्दिशों की गति में समानता रहती है अथवा गायक-वादक या वादक-नर्तक इन दोनों का मुख लय के झोंके के साथ एक साथ हो जाय और साथ-साथ श्रोतागण भी बोल उठे वह 'सम' का सच्चा स्वरूप है। इसे "समपाणि" या "ताल" भी कहते हैं।

अतीत—जब गीत का प्रारम्भ ताल की पहली मात्रा से पूर्व ही हो जाय तो उसे "अतीत ग्रह" कहते हैं। क्योंकि इस अवस्था में ताल शुरू होते समय गीत अतीत (भूतकाल का) हो जाता है। जैसे:—

९ १० ११ १२	१३ १४ १५ १६	१ २ ३ ४	५ ६ ७ ८
ग रे प म	ग सारे - ग	सा - सा सा	(सा) - नि̣ -
नी र भ र	न कैस स से	जा स ऊं स	खी स री स
०	३	×	२

यहाँ ताल प्रारम्भ होने के ८ मात्रा पूर्व (पहले) ही गीत आरम्भ हो जाता है। अतः इसे "अतीत ग्रह" कहेंगे। इसे अवपाणि' या 'वताल' भी कहते हैं।

अनागत—ताल प्रारम्भ होने के पश्चात् गीत का आरम्भ होना 'अनागत"

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

कहलाता है। क्योंकि ताल के प्रारम्भ होते समय गीत अनागत (न आया हुआ) हो रहता है।

५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१	२	३	४
सा	रे	नि	नि	साग	गम	मप	–	–	गम	-सा	-रे	सा	–	–	सा
मु	र	लि	या	बाऽ	जीऽ	रेऽ	ऽ	ऽ	जमु	ऽना	ऽके	ती	ऽ	ऽ	र
२				०				३				×			

यहाँ ताल प्रारम्भ होने के चार मात्रा पश्चात् ही गीत शुरू होता है। अतः इसे "अनागत कहेंगे। इसे "उपरिपाणि" या "अनुताल" भी कहते हैं।

विषम—अनियमित रूप से ताल और गीत प्रारम्भ होना "विषम ग्रह" है। इसे "विषमपाणि" या "प्रतिताल" भी कहते हैं।

हिन्दुस्तानी संगीत में 'ग्रह' के दो प्रमुख भेद (१) सम और (२) विषम—माने जाते हैं। "विषम" के अन्तर्गत ही 'अतीत' और 'अनागत' माने जाते हैं। गीत और ताल एक ही स्थान (मात्रा) से आरम्भ होने को 'सम' कहते हैं। लय की चाल में व्यतिक्रम लाना तथा सम के आगे-पीछे मूँह निकालना (ता, धा) यह सब 'विषम ग्रह' का स्वरूप है। 'विषम ग्रह' के प्रयोगों को हम सर्व साधारण की भाषा में कांट-छांट कह सकते हैं। वैसे अन्य विषयों की कांट-छांट में मारपीट तक का अवसर आ जाता है किन्तु संगीत की कांट-छांट में मन को एक प्रकार का अवर्णनीय आनंद प्राप्त होता है। इन्हीं कारणों से 'विषम ग्रह' अपने टेढेपन के लिये बड़ा प्रिय है।

अतीत ग्रह का प्रयोग अधिकांश मम के पश्चात सम दिखाकर किया जाता है। अर्थात ताल की सम निकल जाने के बाद गायक—वादक अपनी नकली सम दिखाता है। वैसे, जो समय निकल जाता है उसे हम अतीत काल कहते हैं। इन सभी ग्रहों की चालों का प्रयोग संगीत सम्बन्धी रचनाओं में किया जाता है।

अतीत ग्रह—

धा	ति	ति	ता	ता	धि	धि	धा	धा	धि
०				३				×	।
								मुख्य सम	अतीत सम (नकली सम)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अनागत (अनाघात) ग्रह का व्यवहार बड़ा आनंद दायक प्रतीत होता है। ताल की सम आने के पहले गायक-वादक अपनी सम (नकली) दिखाते हैं।

अनागत (अनाघात)

धा ति ति ता | ता धि धि धा | धा
• ३ | ×
मुख्य सम

अनागत सम
(नकली)

जिस प्रकार संगीत का प्राण 'ताल' है उसी प्रकार ताल का प्राण 'सम' है। स्वर तथा बोल समूहों को लेकर गायक वादक बार-बार कुशलता से 'सम' को आकर मिलते हैं। अतीत और अनागत ये आधुनिक गायन-वादन में चमत्कार अथवा 'सम' का भ्रम उत्पन्न करने के साधन हो गये हैं।

(६) जाति—कौम अथवा वर्ण को जाति कहते हैं। किसी भी ताल के खंड (भाग) में मात्राओं की संख्या घटाने-बढ़ाने से उसकी चाल (गति) में जो अन्तर पड़ता है उसे जाति कहते हैं। जाति ताल की अन्तर्गत गति है।

कर्नाटक ताल पद्धति में लघु की मात्रा बदलने से पांच जातियां (१) चतुरस्त्र (२) त्र्यस्त्र (३) मिश्र (४) खण्ड (५) संकीर्ण बनती हैं जिनमें लघु की मात्राएँ क्रमशः ४, ३, ७, ५ और ९ होती हैं। इन्हें ३, ४, ५, ७, ९ की छोटी संख्या से लेकर बडी संख्या तक के क्रम से न कहकर ४, ३, ७, ५ और ९ के क्रम से कहने का कारण यह है कि पहले चतुरस्त्र को स्थान मिला क्योंकि वही सबसे ज्यादा आसान तथा सर्व साधारण है। इसके बाद का स्थान मिलता है त्र्यस्त्र ज ति को। इन दोनों को अर्थात् चतुरस्त्र और त्र्यस्त्र को जोड़ने से तीसरी जाति बनी जिसे मिश्र कहते हैं। त्र्यस्त्र और मिश्र इन दो जातियों को जोड़कर उसके दो खण्ड करने मे जो जाति बनती है उसे 'खंड' कहते हैं। खंड जाति और चतुरस्त्र जाति को जोड़ने पर जिस जाति का निर्माण होता है उसे संकीर्ण (Complex) जाति कहते हैं। इन्हीं पांच जातियों के अनुसार लघु के पांच भेद होते हैं।

चतुरस्त्र—जिन तालों के खण्ड चार-चार मात्रा के होते हैं उन्हें चतुरस्त्र जाति के ताल कहते हैं। जैसे—तीनताल, धुमाली, झिलवाडा, पंजाबी, कहरवा आदि।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

चार से विभाजित होनेवाली बराबर (ठाय), दुगुन, अठगुन, सोलहगुन की लय अथवा आधी, चौथाई, आठवीं, सोलहवीं मात्रा हो तो उनकी भी चतुरस्त्र जाति मानी जाती है। चतुरस्त्र जाति में परनों की रचनायें अधिक मिलती हैं। चतुरस्त्र जाति की व्यापकता से ऐसा प्रतीत होता है कि अन्य चार जातियों का स्वरूप चतुरस्त्र के आधार पर ही निश्चित हुआ है। चतुरस्त्र जाति के ताल जन साधारण में अधिक व्यापक हैं।

त्र्यस्त्र—जिन तालों के खंड तीन-तीन मात्राओं के होते हैं उन्हें त्र्यस्त्र जाति के ताल कहते हैं। जैसे—दादरा। जिन तालों की चाल 'दादरा' से मिलती है वे सभी रचनाएँ त्र्यस्त्र जाति के अन्तर्गत हैं। एकताल, चारताल आदि त्र्यस्त्र जाति के ताल हैं। तीन से विभाजित होनेवाली पौनी, ड्योडी, तिगुनी, छःगुनी अथवा बारहगुनी ये त्र्यस्त्र जाति की लयकारियाँ हैं।

मिश्र—सात से विभाजित होनेवाली रचनाएँ जैसे—पौनेदोगुनी, साड़ेतीन गुनी, सातगुनी. चौदहगुनी आदि लय प्रकार मिश्र जाति के हैं। अडा-चौताल, झूमरा, दीपचन्दी, रूपक, पस्तो आदि मिश्र जाति के ताल हैं।

खण्ड—मिश्र तथा त्र्यस्त्र को जोड़कर दो भाग अर्थात् पांच मात्रा का एक खण्ड करने से 'खण्ड' जाति का निर्माण होता है। झपताल, सूलताल आदि खण्ड जाति के ताल हैं। सवागुनी, ढाईगुनी, पांचगुनी, दसगुनी इन लयों का खण्ड जाति में समावेश होता है।

संकीर्ण—'खण्ड' के साथ 'चतुरस्त्र' को जोड़ने से संकीर्ण जाति का निर्माण होता है। इस जाति को प्राप्त करने की क्रिया संकीर्ण (Complex) होने से इसका यह नाम पड़ा। मत्ततात, लक्ष्मीताल आदि संकीर्ण जाति के ताल हैं। सवादोगुनी साड़ेचारगुनी, नौगुनी ये संकीर्ण जाति की लय हैं। इस जाति का अनुभव काफी प्रयास के बाद होता है। नये शिक्षार्थी को 'खण्ड' तथा 'संकीर्ण' का पृथक व्यवहार नहीं करना चाहिये।

(७) कला—वाद्यों की बजाने की रीति अथवा शैली का कला कहते हैं। कर्नाटक ताल पद्धति में अक्षर काल का सूक्ष्म विभाजन 'कला' कहलाता है। वैसे तो कला के चौसठ प्रकार हैं। संगीत में सभी कलाओं का मानसिक व्यवहार होता रहता है। सच तो यह है कि कलाकार की भावुकता ही कला को जीवित रखती है। तबले

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

पर हाथ रखने की रीति, बोलादि निकालने की पद्धति, बैठने का आसन, संगत करने का ढंग, सभा को आकर्षित करने का चातुर्य आदि कला के ही अंग हैं। आदिताल (त्रिताल) की सोलह मात्राओं में ६४ कलाओं का निवास रहता है ऐसा शास्त्रकारों का मत है। गायन, वादन, नर्तन, भृकुटि चालन, हस्त चालन, नेत्र चालन यह सब कला के ही तो स्वरूप हैं। "संगीत रत्नाकर" इस ग्रथ में कला के आठ नाम इस प्रकार दिये हैं—ध्रुवका, सर्पिणी, कृष्णा, पद्मिनी, पताका, कंपना, देवका, सम्भभाव और विसर्जिणी।

(८) लय—गायन, वादन तथा नृत्य में समय की गति को ही लय कहते हैं। मुख्यतः लय तीन प्रकार की होती है। विलम्बित, मध्य और द्रुत। विलम्बित की दुगुनी चाल को मध्य और मध्य की दुगुनी चाल को द्रुत कहते हैं। तात्पर्य एक ही लय कई रूपों में भ्रमण करती है। जैसे—पौनी, बराबर, सवाई, डेवढ़ी, पौने दो गुनी, दुगनी आदि। लय की प्रारम्भिक भूमिका जितनी गम्भीर होगी उतनी ही लय की चालों का स्पष्टीकरण कर सकते हैं। वैसे दो मात्राओं की बीच को हम लय का निवास स्थान कह सकते हैं।

(९) यति—लयों को सुन्दरता से दिखाने के मार्ग (पद्धति) को 'यति' कहते हैं। दूसरे शब्दों में लय की गति का नियम ही 'यति' कहलाता है। जब लय की चाल में समानान्तर पड़े तो उसे यतियों का संयोग समझना चाहिए। यतियों का स्वरूप छोटे से छोटे और बड़े से बड़े बोल समूहों में विद्यमान रहता है। इसके पांच प्रकार हैं—(१) सम, (२) श्रोतोगता, (३) मृदंगा, (४) पिपीलिका, (५) गोपुच्छा।

सम—आदि, मध्य और अन्त में एक ही प्रकार की लय रहे तो उसको 'समयति' कहते है। संगीत सम्बन्धी जिन रचनाओं में समान बोलों का चुनाव किया हो वह 'समयति' का सूचक है।

श्रोतोगता—(नदी के प्रवाह स्वरूप)—आरम्भ में नदी का पात्र छोटा होकर जिस प्रकार वह समतल भूमि पर मन्थर गति से बहती है, आगे चलकर गहराई से जल का रूप गंभीर हो जाता है और फिर वह आगे बहती हुई कहीं मोड से टक्कर खाकर ढालू भूमिपर बड़े वेग से बहती है। आगे जाकर उसका पात्र भी चौड़ा हो जाता है। ठीक उसी प्रकार इस यति के नियंत्रित परनों की चाल होती है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जैसे—

चौताल, दूसरी मात्रा से

धातिटधा धिनधागे तिटधागे तिटतिट गदिगिन, धातिटधा धिनधागे तिटकता धाऽक्रधा ऽनधाऽ ऽधा ऽकतिट धा तिरकिटतकधिर किटतकतिरकिट तकधिरकिटतक तिरकिटतकता कऽधाति टधाऽन धाऽधाति ऽधाऽन धाऽधाति टधाऽन ।

पुन: इस गति का एक रूप ऐसा भी होता है जैसे कि ऊँचे पहाड़ से जल की धारा बड़े वेग से नीचे गिरती हो और नीचे गिरकर आगे को ढुलकने लगती हो । जैसे—

रूपक

धातिरकिटतक धिरधिरकिटतक तातिरकिटतक धिरधिरकिटतक तक्डाऽन धा धातिटधा क्रधातिट धाऽक्रधा ऽनधाऽ कत्धातिर किटवकधातिर किटतकधातिर किटतकता ।

इस प्रकार छोटे बड़े सभी प्रकार के बोल समूह भी यतियों से नियंत्रित रहते हैं । कुछ परनों में तो इनका स्वरूप बहुत छोटा भी होता है । जैसे—

आडा चौताल

धिरधिरकिटतक धाऽकत् धाऽक्रधा ऽनधाऽ तिरकिटतकता किटतकतातिर किटतकतिरकिट तकतातिरकिट धाऽऽक तिटधाऽ ऽधा किट धागेतिट धातिरकिटतक (ता धा दिन् ता धा ३) ।

सूचना—उदाहरण के हेतु दिये गये परन केवल पढ़ने के ही नहीं हैं । इन्हें याद करके उपयोग में लाना चाहिए ।

मृदंगा—जिस बोल समूह की मृदंग के आकार (आरम्भ में कुछ मोटा, फिर अधिक मोटा और फिर पूरा उतरता हुआ) का ध्यान रखते हुए रचना की जाती है उसे 'मृदंग-यति' कहते हैं । प्रमाण के लिये एक रचना प्रस्तुत कर रहे हैं ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आडा चौताल

धातिटधा गेनधागे तिनाधागे तिटतिट धाक धिता धादि न्ताऽ धिरधिरकिटतक धातिरकिटतक धातिरकिट तकतातिरकिट धातिरकिट तकतातिरकिट ।

पिपीलिका—पिपीलिका शब्द का अर्थ है चींटी । यह एक बहुत छोटा जीव होकर अपने कार्य में सदा तल्लीन रहता है । यह उसका एक विशिष्ठ गुण है । चींटी जब चलती है तो अकस्मात रुककर पुनः चलने लगती है । जिस बोल समूह की रचना चींटी के अंग तथा गति के अनुसार की जाती है उसे 'पिपीलिका यति' कहते हैं । जैसे—

एकताल

धिरधिरकिटतक तातिरकिट तकतातिरकिट तकतातिरकिट कत ऋधा ऽन धाऽ तिरकिटकता ऽनधाऽ ताऽनधा ऽताऽन ।

दूसरा उदाहरण—

झपताल

धिटधिट धातिटधा तिटकधा तिटधाऽ तिरकिटतकतिर किटतकतिरकिट ताऽऽक ऽतधाऽ कऽतधा ऽकऽत ।

गोपुच्छा—जिस बोल समूह की रचना गाय की पूछ जैसी आरम्भ में मोटी और बाद में धीरे-धीरे पतली होते हुए अन्त में बालों का गुच्छा जैसी बन जाय, इस प्रकार हो तो उसे 'गोपुच्छा यति' कहते हैं । जैसे—

झपताल

तिट कता गदि गिन धाऽति टकता गदिगि नधाऽ तिटकता गदिगिन ।

त्रिताल

धा धिना धागेन किटतक धातिटकता धागेतिटधिन धागेनधातिधीना धिरधिरकिटतक तिरकिटतकता किट तकतकतिरकिटतक तिरकिटतकतिरकिटता तिरकिटतकधिरकिटतक धा तिरकिटतकधिरकिटतक धा तिरकिटतकधिरकिटतक ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

गोपुच्छा का एक प्रकार और है जो इन्हीं परनों को उल्टा कर देने से बनता है अर्थात् बालो के गुच्छे से क्रमशः मोटी होते होते पुट्ठे तक पहुंचना।

यतियों के मेल से निर्मित कुछ बोलों को त्रिपल्ली भी कहते हैं जो मुस्लिम काल की देन है।

(१०) प्रस्तार—किसी वस्तु का विस्तार (फैलाव) ही प्रस्तार कहलाता है। संगीत में प्रस्तार का स्थान अधिक महत्वपूर्ण है। स्वर-प्रस्तार, लय-प्रस्तार, ठेका-प्रस्तार, कायदा-प्रस्तार आदि। प्रस्तार के ही संयोग से संगीत के सात स्वरों में अनेक भेद दिखलाये गये हैं। परनों की रचना में भी प्रस्तार का अधिकाधिक संयोग विद्यमान है। जिस बोल का जब तक चाहे तब तक उसमें रूपान्तर करते हुए व्यवहार करें यही प्रस्तार का शुद्ध स्वरूप है। इस प्रयोग के आधार पर कायदों का प्रस्तार किया गया है जिन्हें पल्टा, पेंच, दोहरा, मिसल आदि शब्दों की संज्ञा दी गई है।

जिस प्रकार निर्माणकर्ता इस स्थूल शरीर में शरीर की क्रिया चलाने के लिये जब प्राण संचारित करता है तब यह शरीर क्रियावान बनता है। उसी प्रकार संगीत का प्राण ताल है। अर्थात् संगीत रूपी शरीर प्राण स्वरूप ताल के द्वारा सजीव हो सकता है अन्यथा वह निर्जीव (प्रभाव रहित) है।

अब एक विचारणीय विषय है कि संगीत का प्राण ताल है परन्तु ताल के अन्तर्गत जो दस प्राण रहते हैं (जिनकी व्याख्याएँ पूर्व में दी जा चुकी हैं) हमें उनका भी ध्यान रखना चाहिए। अर्थात् मनन शीलों को मनन तथा अभ्यास दोनों निरन्तर करना चाहिए क्योंकि ये दोनों विषय एक से एक बढ़कर सुखदाई है।

शास्त्रीय व्याख्याओं में विद्वानों के पृथक पृथक मत होने के कारण पाठकों को भ्रम हो जाता है। इसलिये "सन्त हंस गुण गहहिपय, परिहरि बारि विकार" के सिद्धान्त से उपयोगी बातों को ग्रहण करना चाहिए। क्योंकि यह शास्त्रीय विषय है। इसका पार लगाना बहुत कठिन है। जो भी लेखक लिखता है वह अच्छाई की दृष्टि से ही लिखता है।

तबले के बोल समूह

ठेका एक ऐसा बोल समूह होता है जिसका रूप सदा एकसा रहता है। और इसीलिये ठेके में (प्रान्त-प्रान्त का) एक दूसरे से सामंजस्य रहता है। ठेकों में घराना

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

और खानदानी बन्धन नहीं है। यह सभी से मुक्त होकर सर्वत्र एक ही रूप से विहार करता है। वादन कला में ठेकों का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। वादक चाहे कितनी ही लम्बी छलांग भरने वाला क्यों न हो किन्तु जब वह ठेके की शरण लेता है तभी विश्राम का अधिकारी होता है। इसीलिये कलाकार ठेके का मुख देखा करता है। किसी ताल को प्रदर्शित करने के लिये जब तक हम ठेके का स्वरूप नहीं दिखाते तब तक वह ताल अज्ञात रहता है। वादन में ठेके का सर्वश्रेष्ठ स्थान है क्योंकि ठेका दिखाए बिना परन और कायदे दोनों अन्धों के समान चलते हैं। इतना ही नहीं, ठेके के आधार पर (धीना धी धीना) 'भरी' और (तीना धी धीना) 'खाली' कायदों का निर्माण सम्भव हो सका है। वैसे ठेकों के बोलों को बांटने की प्रथा भी प्रचलित है। ऐसे बोल समूहों को लोग 'पेशकार' नाम से पुकारते हैं।

परन तथा कायदा

आजकल तबले में बोलों के बहुत से नाम प्रचलित होते जा रहे हैं। जिस प्रकार एक पिता अपने पुत्र का नाम अपनी रुचि के अनुसार निश्चित करता है उसी प्रकार एक कलाकार भी निज निर्मित बोलों के नामों का चुनाव अपनी इच्छानुसार करता है। प्रायः ऐसी किंवदंतीयाँ भी सुनने को मिलती हैं कि किसी एक बादशाह ने तबला वादक से कहा था कि जब तक मैं ऊपर की मंजिल से वापस न आजाऊँ तब तक तबला बजता ही रहे। अब क्या हो ? बादशाह का हुक्म ठहरा ! दरबारी तबला वादक बादशाह से कैसे इन्कार कर सकता था। जब बादशाह ऊपर से नीचे लौटे तो पूछ पड़े कि खाँ साहब यह कौनसा बोल था जिसे आपने इतनी देर तक बजाया ? तबला वादक ने समय का लाभ उठाने के लिये अति शीघ्र उत्तर दिया कि 'यह नौ मंजिला था' चूँकि आपको नौ मंजिल से नीचे उतरना था। इसी प्रकार बारह हजारी परन, सवा लक्खी परन, चार बाग, लाल किला, अजराडा आदि शब्दों का भी संयोग समझना चाहिए। जिन रचनाओं को नाम करण की डोर में बांध दिया गया है उनका छुटकारा पाना असम्भव है। हाँ, यदि सभी प्रकार के बोलों को विभाग रूप में पृथक-पृथक किया जाय तो परन तथा कायदा यही दो स्वरूप दृष्टि गोचर होते हैं। क्योंकि जो रचनाएँ धा (भरी) ता (खाली) के आधार पर की जाती हैं जैसे—"धागे नागे तिना कत्ता" और "ताके नाके धिना कत्ता" अथवा "धीऽक्ड धिता ऽधा धिता। तीऽक्ड तिता ऽधा धिता" आदि। चाहे उन्हें हम पेशकार, गत, लडी, लग्गी, बाँट आदि जो भी कहे वे सब कायदे के स्वरूपान्तर्गत हैं। इनके अतिरिक्त मुखड़ा, टुकड़ा, मोहरा, तिपल्ली परने आदि सभी परन की संज्ञा में आते

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

हैं। अथवा उन्हें परन की संतती ही समझ लीजिये। जिस प्रकार ताल वाद्यों में परन शब्द बहुत दिन से सम्मिलित हो जाने के कारण आज यह निश्चित नहीं हो पाता कि मृदंग की रचनाओं का सम्बन्ध परन शब्द से कब, कैसे और किसके द्वारा हुआ। किन्तु यह शब्द संगीत जगत में इतना व्यापक हो गया है कि सर्व साधारण जन भी इससे परिचित हुए बिना न रह सके। ठीक उसी प्रकार आज कायदा शब्द के लिये भी है। कायदा भी आजकल तबले के साथ इतना सम्बन्धित हो गया है कि उच्चारण करते ही लोगों को इसका आभास हो जाता है।

इन दोनों शब्दों की इस क्षेत्र में व्यापकता देखकर यह निर्विवाद निश्चित हो जाता है कि परन और कायदा यही दोनों तबले में प्रधानाधिकारी हैं। तबले का आर्विभाव दरबारी प्रसन्नता के रूप में हुआ फिर पेशेवर संस्थाओं में पहुँचकर यह निम्न दृष्टि से देखा जाने लगा। तात्पर्य यह कि दिन-दिन इसका अधःपतन होता गया। अब, जबकि महापुरुषों ने अपनी तपस्या द्वारा तबले को चोटी पर पहुंचा दिया तब तो हमारा पुनीत कर्तव्य हो जाता है कि तबले के क्षेत्र में प्रविष्ट अनर्गल बातों को हटाकर एक ठोस तथा साहित्यमय वातावरण उत्पन्न करके तबले के क्षेत्र को नवविकास से सुसम्पन्न कर दे। ताकि भावी पीढ़ियों के कलाकार रूढ़िवादिता का दास न बनकर कला का दास बनते जायें। नहीं तो कलाकार एक दूसरे की निंदा तथा स्तुति करते करते ही समय समाप्त कर देगा। उसे कला तथा कलाकारिता का सच्चा सुख नहीं प्राप्त हो सकेगा।

परनों के भेद

तबला वादक में दो अंग होते हैं। पहले 'कायदा' और फिर 'परन' या 'परण'। परनों के बिना तबला वादन अधूरा ही रह जाता है। संगीत जगत में ही परनों का एक विशिष्ट स्थान है। परनों के मुख्य चार भेद हैं। जिन्हें हम साथ–परन, गत परन, ताल परन, और बोल परन कहकर सम्बोधित करते हैं। इन्हीं चारों प्रकार के परनों के आधार पर अनेक परनों की रचनायें की गई हैं। इतना ही नहीं अपितु यतियों का संयोग पाकर परनों में एक चमत्कार पूर्ण आभा आ गई, जिससे ये प्रत्येक ताल में अबाध गति से भ्रमण करती हैं।

साथ परन—इस परन के कई प्रकार हैं। विशेषतया ऐसी परनों को जो तबला संगत के समय विशेष कार्य दे अथवा जिन परनों की रचना छोटे बड़े रूपों में तीया सहित की गई हों और जो ताल की लय के अनुरूप बनायी गयी हों उन्हें साथ परन का ही प्रकार समझना चाहिए।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

गत परन—वैसे पुराने उस्तादों में तबले की प्रत्येक रचनाओं को गत कहने की प्रथा प्रचलित है। किन्तु तबले में गत परनों का प्रयोग 'गत' कहकर किया जाता है। गत परन का असली रूप है तीया रहित बोल समूह। वैसे तबले में कुछ ऐसी भी गते प्रस्तुत की जाती हैं जिनमें कायदे सरीखे दो विभाग रहते हैं। यद्यपि यह व्यवहार अशास्त्रीय होकर व्याख्या विरुद्ध है तथापि इसका अधिक प्रचार हो जाने के कारण यह मान्य हो गया है। गत को कहीं-कहीं गत फर्द भी कहते हैं। जिसका अथ यह है कि संगीत महफिल में एक 'प्लेन' (साधा) दरी बिछा देना। गत परनों का व्यवहार ठाय, दून तथा चौगुन में बजाने के पश्चात रेला को अठगुनी लय में बजाने की भी प्रथा प्रचलित है। किन्तु उन रेलों की रचना ठीक गत से मिलती जुलती होनी चाहिए अन्यथा गत का प्रतिनिधित्व करने में रेला असमर्थ हो जायगा। ऐसी रचनायें इस पुस्तक में पर्याप्त संख्या में दी गई हैं।

बोल परन—इस प्रकार की परनों में साहित्यिक शब्दों का भी मेल रहता रहता है। इन परनों की रचना विशेषतया भावुकता के आधार पर ही होती है। इसीलिये ऐसी परनों में देवी, देवताओं के नाम तथा उनकी लीला विषयक शब्दों का समावेश रहता है। वैसे तो बोल परनों को नृत्यकारों ने इतना व्यवहृत किया कि उनको लोग नाच की परने कहने लगे। इन परनों का प्रयोग विशेषतया मृदंग में ही किया जाता था परन्तु अब वे नृत्य की संगत में आ जाने के कारण तबला वादन में भी उनका प्रयोग किया जाने लगा है। प्रस्तुत पुस्तक में इस प्रकार की अनेक रचनायें दी गई हैं।

ताल परन—इन परनों का नाम आजकल चक्करदार कहकर पुकारने की प्रथा प्रचलित है। चक्करदार नाम भी मुस्लिम काल की देन है। वैसे तारयंत्रों के वादक इसे 'तार परन' कहकर सम्बोधित करते हैं। चक्करदार, फर्माइशी चक्करदार इन सब की रचनायें अनेक प्रकार से की गई हैं। इन परन का मुख्य रूप है—एक बोल समूह को तीया सहित तीन बार बजाकर सम पर आ जाना। (उठान के लिये बन्धन नहीं है) कुछ ताल परनें तो बिना दम दिये ही सम पर आ जाती हैं। किन्तु कुछ ऐसी भी होती हैं जिनमें दम (जोड) देना पड़ता है। वैसे तो ये दोनों प्रथायें औचित्य पूर्ण हैं। ताल परनों (चक्करदारों) का उपयोग 'सोलो' (मुक्त-वादन) तथा नृत्य की संगत में बहुत आनन्दवर्धक होता है। कहीं-कहीं लोग फर्माइशी चक्करदार को कमाल परन भी कहते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तीया

बोलों का एक ही स्वरूप जो तीन बार बजाने से सम पर आ जाता है और जिसमें प्रत्येक बार 'धा' अवश्य आता है उसको 'तीया' अथवा 'तिहाई' कहते हैं। चाहे वह दम का या बेदम का हो। संगीत में तीया का स्थान छोटा होते हुए भी बहुत व्यापक है। जब तक हम अन्य बोलों को बजाने में तीये का प्रयोग नहीं करते तब तक वह बोल अपूर्ण ही समझा जाता है। वस्तुतः इसी कारण से तबले की अधिक रचनायें तीया युक्त की जाती हैं। तबला-वादन में कुछ स्वतन्त्र भी तीये हैं जिन्हे वादक अपनी रुचि के अनुसार व्यवहार में लाता है। जब जहाँ चाह, वही से उठकर आगे की जगह की पूर्ति कर दी। वैसे तीयों के प्रकार बहुत से हैं किन्तु उदाहरण के लिये चार प्रकार प्रस्तुत कर रहे हैं।

(१) गदिगन धाऽगदि गनधाऽ गदिगन।

(२) तिटकता गदिगन धा तिटकता गदिगन धा तिटकता गदिगन।

(३) धागेनधा ऽनकिट धाऽताऽ धाऽधागे नधाऽन किटधाऽ ताऽधाऽ धागेनधा ऽनकिट धाऽताऽ।

(४) धा धातो धा धाती आदि-आदि।

वैसे चक्करदार परनों को भी कुछ लोग बड़ा तीया कहकर बजाते हैं। किन्तु इन दोनों का अन्तर चक्करदार में तीया के अतिरिक्त बोलों से स्पष्ट हो जाता है।

सूचना—आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक बोलों की पुनरावृत्ती करना ठीक है।

रेला, लग्गी, लडी, टुकडा, मुखड़ा आदि का विवरण "तबला कौमुदी भाग १" मे दिया होने से यहाँ नहीं दिया जा रहा है।

तबले के कुछ पारिभाषिक शब्द

तिहाई—बोलों का एक समूह जो तीन बार बजाया जाकर 'सम' से मिलाया जाता है और जिसमें प्रत्येक बोल समूह के बाद 'धा' अवश्य आता है उसे तिहाई अथवा तीया कहते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तिहाई के दो प्रकार होते हैं—(१) दमदार तिहाई, (२) बेदम तिहाई।

दमदार तिहाई—जिस तिहाई में 'धा' के बाद एक या दो मात्रा खा पड़े उसे दमदार तिहाई कहते हैं। जैसे—

तिटकता गदिगन धा तिटकता गदिगन धा तिटकता गदिगन।

अथवा

धाऽतिर किटतक धा धाऽतिर किटतक धा धाऽतिर किटतक।

बेदम तिहाई—जिस तिहाई में 'धा' पर बिल्कुल टिकाव (विश्रांति न हो उसे बेदम तिहाई कहते हैं। जैसे—

धागेनधा तिरकिटधाति धागेत्रक धागेनधा तिरकिटधाति धागे धागेनधा तिरकिटधाति।

बेदम तिहाई में दो मत हैं, एक मतानुसार बेदम तिहाई नहीं होती क्यों 'धा' स्वयं दम लेकर आसीन होता है। और दूसरे मतानुसार 'धा' का आघा स्वयं में मोटा है अस्तु उसमें लगने वाले समय को दम नहीं मानते हैं। जैसे मो आदमी को बैठने के लिये अधिक स्थान देना पड़ता है वैसे ही 'धा' के लि समझना चाहिये।

नवहक्का—जो तीया तीन बार बजाने पर सम से मिलता है अथवा तीया नौ 'धा' बजाने पर सम से मिलता है उसे नवहक्का या नौ 'धा' की ति कहते हैं। इसका प्रयोग प्रायः सभी बाजों में किया जाता है।

धिरधिरकिटतक धाऽधिरधिर किटतकधाऽ धिरधिरकिटतक धा इस प्रक की तिहाई को तीन बार बजाकर सम पर आने को भी 'नवहक्का' कहते हैं।

नवहक्का, कमाली परन तथा फरमाइशी चक्करदार, इन तीनों की व्या एक जैसी होती है। नवहक्का' शब्द अधिकतर पूरबवाले बोलते हैं जो आगे वाली परनों से स्पष्ट हो जायगा।

दुपल्ली—जिस गत में ऐसे दो भाग हों जिनकी लय पृथक-पृथक हो दुपल्ली गत कहते हैं। उदाहरण के लिये एक गत दे रहे हैं।

ताकिटधा त्रकधिट धागेनति नकधिट धिटकत कधीनक धिरधिरकिट धातिरकिटतक ताकिटता त्रकतिट तिकनति नकतिट धिटकता कधी धिरधिरकिटतक धातिरकिटतक।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

त्रिपल्ली—जो गत तीन प्रकार की लय (ठाह, दुगुन, तिगुन) के समिश्रण से तैयार की जाती है उसे त्रिपल्ली कहते हैं। इस गत के तीनो भागों के बोल एक ही प्रकार के होना चाहिए ऐसा कोई बंधन नहीं है, विभिन्न लयकारी लिए हुए होना चाहिए। त्रिपल्ली के कई प्रकार बन जाते हैं। वस्तुतः एक रचना ऐसी हो जा ती। लयों मे विभाजित रहे तो उसे त्रिपल्ली कह सकते हैं। जैसे—

धिनधि नागिना धिनधि नागिना धिरधि रकिट धड़ान धड़ान तगतिर किटतक नगतिर किटतक धातिरकिटतक धिरधिरकिटतक धिरधिरकिटतक धातिरकिटतक।

चौपल्ली—जिस गत के चार पल्ले (भाग) होकर वे पृथक-पृथक लय (ठाह दुगुन, तिगुन और चौगुन) के होते हैं उसको 'चौपल्ली' कहते हैं। चारों पल्लों के बोल समान या पृथक-पृथक हो सकते हैं। जैसे—

धागे धिना गिना धागे तकिट धातिट धागेधि नागिना धागेतिट धागेधिना गिनधाऽ धिनागिना धातिरकिटतक धातिरकिटतक धातिरकिटतक धिरधिरकिटतक।

कमाली परन—वैसे तो तबले के प्रत्येक हिस्से में कमाल ही कमाल है किन्तु कमाली तीहाई या कमाली परन में धा की विशेषता को महत्व दिया जाता है। वैसे इस प्रकार की रचनायें प्रत्येक तालों में आती हैं। एक बोल समूह जब तीन बार तीया सहित घूमता है तो पहली बार पहला धा, दूसरी बार पांचवा धा और तीसरी बार नवाँ धा समपर आता है। इसके इसी क्रिया के आधार पर दो दो धा या इनसे अधिक 'धा' का प्रयोग किया जाता है जिसे अधिक विस्तार के भय से नहीं दे रहे हैं। जैसे—

धाति टधि नग धागे धिन गिन ताकि टधि तिट ताकि टधि तिट धात्र कधि तिट धाऽ धाऽ धात्र कधि तिट धाऽ धाऽ धात्र कधि तिट धाऽ धाऽ।

इसे तीन बार बजाने से नवाँ धा समपर आएगा।

फरमाइशी परन—जो परन फरमाइश करने पर बजाई जाती है उसे 'फरमाइशी परन' कहते हैं।

चक्राकार (चक्करदार) परन—जो परन तिहाई युक्त होकर तीन बार बजाने पर उसका अन्तिम 'धा' सम को मिले तो उसे 'चक्राकार परन' कहते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जैसे—

किडनकतिरकिट तकतातिरकिट धातीधाऽ किडधातीधा ऽकिडधाऽ धाऽकिडनक तिरकिटतकता तिरकिटधाती धाऽकिडधा तीधाऽकिड धातीधा किडनकतिरकिट तकतातिरकिट धातीधाऽ किडधातीधा ऽकिडधाती ।

तबले के घराने

आजकल तबला प्रेमियों में विशेष रूप से कुछ ऐसे भी व्यक्ति हैं जो घराना शब्द पर बहुत बल देते हैं । हालाँकि किस घराने के तबला वादन में अमुक घराने से क्या पृथकता एवं विशेषता है इसकी उन्हें नाम मात्र भी जानकारी नहीं होती किन्तु 'अहाहा !' 'क्या कहने !!' 'जवाब नहीं !!!' की उस समय झड़ी लगा देते हैं जब उनके मन का घराना बताकर कोई तबला वादन करता है । चाहे उस तबला वादक की उँगलियां तबले पर वे ढंगी ही क्यों न पड़ती हों । पाठ्यक्रम में भी इस सम्बन्ध में पूछ ताछ करने की बातें रखी गई हैं । जिसके पीछे विद्यार्थियों को माथा पच्ची करनी पड़ती है । कहीं-कहीं तो ऐसे विद्यार्थी मिल जाते हैं जो तबला की जानकारी में सचमुच कमाल कर देते हैं । जैसे—अमुक घराने की चांट ऐसी है, अमुक घराने में बायें का काम अच्छा है, अमुक घराने का तबला बहुत कड़ा तो अमुक घराने का इतना मुलायम बजता है कि उँगलियाँ नाचती हुई स्पष्ट दृष्टिगोचर होती हैं किन्तु ध्वनि नहीं सुनाई पड़ती । अर्थात् ऐसी बहुत सी बातें सुनाया करते हैं । और यदि किसी ने तबला लाकर आगे रख दिया तो इस प्रकार बजाते हैं जैसे अपनी घुटी हुई खोपडी पर हाथ फेर रहे हों ।

पाठकों को यह बात सदा ध्यान में रखना चाहिये कि विद्या बपौती नहीं मानी जाती है । हाँ जेवर, कपड़ा, घर, बाग आदि चल तथा अचल सम्पति पर पुत्र का केवल इसलिये अधिकार हो जाता है कि वह अमुक व्यक्ति का पुत्र है परन्तु जब तक वह पुत्र शिष्यत्व ग्रहण नहीं करेगा, तब तक अपने पिता की विद्या का अधिकारी नहीं बन सकता । उदाहरणार्थ—बहुत ऐसे उस्ताद हो गये हैं जिनके लड़के चाट तथा चाय की दुकान करके बाप का नाम लिया करते हैं । और बहुत ऐसे भी लोग हैं जिनके सात पुश्तो में कोई कलाकार नहीं हुआ परन्तु वे आज कला क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखे हुए हैं ।

दिल्ली के स्व० उस्ताद सिद्धार खाँ को यदि तबले का निर्माता मान लिया जाय तो सबसे पहले घरानेदार वही सिद्ध होते हैं । पश्चात उसके पुत्र-पौत्रों तथा रिश्तेदारों और शिष्यों ने मेरठ में जाकर अंजराडा, लखनऊ में लखनवी

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

फर्रूखाबाद में फर्रूखाबादी, वाराणसी में बनारसी आदि नामों से कायदों का निर्माण करके अलग-अलग घरानों की नींव रखी। किसीने "धातिट धागेन धागेतिना धागेन धागे" को दिल्ली का कायदा कहकर सम्बोधित किया तो दूसरे ने उसी को "धात्रक धागेन धागेतिना ऽधागेन धागे" आदि लिखकर "अजराडा" बाज से प्रसिद्ध कर दिया। किसी ने "धिन धातिर किटता धिना धातिरकिटता धिना धातिरकिटता धिना तूना" लिखकर पृथक बाज निश्चित किया।

तात्पर्य यह कि जिनकी उँगलियों में कुछ रस आया, बुद्धी में प्रतिभा का विकास हुआ उन्होंने अपने विद्यार्थियों में एक नई पीढ़ी की बात प्रकट करदी जो कालान्तर में 'घराना' शब्द से सुशोभित हो गई। वैसे तो घरानों की पृथकता से तबले की व्यापकता में नई-नई रचनायें मिलती गईं जिससे तबला-वादक का कोष एक संचित कोष बन गया। प्रत्येक स्थानों के कायदों का अन्वेषण करने पर यही सिद्ध होता है कि शब्दों के हेर-फेर से कायदों का निर्माण होता रहा है। इनमें ताल, लय आदि का अन्तर न आ सका। आजकल के प्रत्येक तबला वादक प्रत्येक घरानों की जानकारी का आनन्द रंगमंच पर बैठकर अकेले ही श्रोताओं को देने का प्रयास करते हैं। यह अमुक उस्ताद का "लाल किला" है, तो यह खाँ साहब का "लतीफा" है, तो यह उनकी "फुलझडी" है आदि। किन्तु इस बात का रहस्य कलाकार महोदय से मिलकर ही समझा जा सकता है। श्रोताओं के समक्ष कुछ बोलना आवश्यक है चाहे वह युक्ति संगत हो अथवा असंगत हो। सबसे आश्चर्य तो उस समय होता है जब व्याख्या के विपरीत प्रदर्शन करते हैं। इतना ही नहीं, यह 'रोग' अच्छे अच्छे लोगों में भी देखा गया है। जबकि सगीत एक विशुद्ध कला है जिसका प्रत्येक अंश सत्यता से परिपूर्ण है उसके लिये असंगत तर्कों का उपयोग कला के लिये कलंक है।

प्रत्येक कलाकार के लिये ताल तथा लय से परिपूर्ण कला-प्रदर्शन ही अधिक महत्व का है। इतना ही नहीं, जिस घराने से वह अपना सम्बन्ध कायम करता है उसकी भी प्रतिष्ठा इन्हीं बातों में निहित है। फिर संगीत, जो कण-कण से प्रतिध्वनित होता है उसके लिये तो कुछ कहना ही व्यर्थ है। लेखक का सत्य विचार है कि कला प्राप्ति में गुरु संगति की बडी आवश्यकता है तभी कोई सच्चा कलाकार बन सकता है, अन्यथा नहीं। और सच्चा कलाकार वही है जो दूसरों के गुणों को सच्चाई से ग्रहण करता है। नहीं तो मैंने जो सीखा वह ठीक है, जिस उस्ताद ने सिखाया वे ठीक हैं और उस्ताद का जिस घराने से सम्बन्धि है वह ठीक है। अन्यथा सब मेरे पुश्तेनी खजाने के अशिक्षित चोर है। ऐसे लोग न किसी का आदर कर सकते हैं न किसी से आदर पा सकते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

"तबला कौमुदी भाग १" में अवधी बाज को छोड़कर बाज के अन्य प्रकारों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है। प्रस्तुत पुस्तक में केवल 'अवधी बाज' का रूप स्पष्ट किया है।

अवधी बाज

मृदंग सम्राट स्व० कुदउसिंह मृदंग के साथ-साथ गायन नृत्य, तबला आदि के विद्वान थे ऐसा वयोवृद्धों का स्पष्ट संकेत है श्री सिंहजी की रचनाओं से बहुत सी बातें प्राप्त हुई हैं जो उक्त बातों की पुष्टता का प्रमाण है। वैसे इनकी कुछ किंवदन्तियां लोकोक्ति के रूप में प्रचलित हो गई हैं। किन्तु घरानों के स्वार्थों में पड़कर लेखकों ने इनका उचित स्वरूप नहीं दिखाया है।

अवधी बाज अथवा अवधी घराने का निर्माता मृदंग सम्राट स्व० कुदउसिंह को ही मानना उचित होगा। श्री मदन मोहन उपाध्याय ने स्व० कुदउसिंहजी से शिक्षा प्राप्त कर पटना निवासी श्री केशवप्रसाद को अपना शिष्य बनाकर उन्हें तबला वादन में निपुण बनाया।

श्री केशवप्रसादजी के शिष्यों में अच्छे-अच्छे तबला वादक हो गये हैं और आज भी विद्यमान हैं। झपताल आदि कठिन तालों को बजाने में उनका स्मरण आज भी किया जाता है। भृगुनाथ संगीतालय, कलकत्ता ने इस क्षेत्र में प्रसंशनीय कार्य किया है। अयोध्या में बाबा रामकुमार दास आदि वादकों ने तबले का पूरा ज्ञान अवगत होते हुए भी मृदंग के समक्ष तबले को उपेक्षित रूप से ही देखा। किन्तु आज जब कि तबला, मदंग का एक सच्चा प्रतिनिधि बन गया है तो उसको त्यागना औचित्य से वंचित है।

भारत में आर्यों के अतिरिक्त बहुत सी जातियां इस प्रकार घुलमिल गई कि अब उनकी पृथकता दिखाना विवेक से बाहर की बात हो गई है। ठीक यही बात तबले के क्षेत्र में घर कर बसी है। कारण एक की अच्छाई से दूसरे का प्रभावित होना स्वाभाविक है। अस्तु, इन्हीं बातों से अवधी बाज में पश्चिम तथा पूरब का समन्वयात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट दिख पड़ता है। अवधी बाज की रचनाओं में पश्चिम तथा पूरब के भिन्न-भिन्न एवं मिश्रित स्वरूपों का स्पष्ट अवलोकन होता है। वैसे अवधी बाज को प्रचार में लाने का श्रेय स्व० श्री संत शरणजी "मस्त" एवं श्री भगवानदास "मृदंगाचार्य" को विशेषरूप से प्राप्त है। अवधी बाज का भंडार मौलिकता पूर्ण रचनाओं से भरा पड़ा है। इसके प्रमाण में "तबला कौमुदी" के दोनों भागों में दी हुई रचनाएं ही पर्याप्त हैं। पाठकों को इन बातों में रूढ़िवादिता नहीं अपितु स्पष्ट

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

और विवेकी दृष्टिकोण अपनाना होगा। बाज चाहे कोई भी हो उसकी अच्छाई ले लेना ही चतुरों का कर्तव्य है क्योंकि—

गुण दोषों से लिप्त है, विधि रचना के अंस।
कौवे मल खाते सदा, मोती चुगते हंस॥

उत्तर भारतीय ताल रचना के सिद्धान्त

उत्तर भारतीय संगीत में यद्यपि ताल-रचना के सिद्धान्त व्यवस्थित रूप से किसी ग्रंथ में नहीं पाये जाते तो भी प्रचलित तालों के अध्ययन से हम निम्नलिखित सिद्धान्त कायम कर सकते हैं जिनपर प्राचीन ताल रचयिताओं का ध्यान तथा लक्ष रहा हो।

ताल मात्राओं का विस्तार—ध्रुवपद, धमार आदि गायन प्रकारों में गायक अपना सारा काम बंधा हुआ करने के कारण मृदंग वादकों को भी नपा-तुला काम करना पड़ता था इसलिये ब्रह्म, रूद्र आदि अधिक मात्राओं के तालों का उपयोग किया जाता था। परन्तु ख्याल गायन में गायक को अपनी इच्छा या कल्पना से विविध आलाप-तानों का विस्तार करना पड़ता है। इस कारण उसे, गायन के समय ठेके की ओर विशेष ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि ख्याल की गायकी मुखडे पर आधारित होकर सम पकड़ती है। वैसे ठेके की लम्बाई १२ में ९६ या १२ में ४८ या १२ में २४ इससे कम नहीं होती किन्तु सीधा ठेका होने के कारण गायक को ठेके के मुखडे द्वारा सम पर आना सरल हो जाता है। क्योंकि विलंबित एकताल यद्यपि १२ मात्राओं का कहलाता है। किन्तु एक-एक मात्रा में दो-दो, चार-चार या आठ आठ मात्राओं का काल निर्धारण किया जाता है। साधारण ज्ञानी भी विलंबित लय की एक मात्रा में दो मात्रा का हिसाब तो रखता ही है।

विभागो करण—किसी भी ताल की एक बार मात्रा-संख्या निश्चित करने के बाद सुविधानुसार उसके विभाग कर लिये जाते हैं। आवश्यकतानुसार विभागों को बदल देने से अनेक ताल बनते हैं। जैसे— दस मात्राओं में झपताल और सूलताल, चौदह मात्राओं में झूमरा, दीपचन्दी, धमार, अडाचौताल आदि। विभाग विषम या समान मात्राओं के होते हैं।

खाली का स्थान नियत करना—सम का स्थान स्पष्ट दिखाने हेतु तालों में 'खाली' की रचना की गई। प्रायः खाली, ताल के मध्य में होना अत्यावश्यक है। जिससे गायक-वादक को ताल की आधी आवृत्ति समाप्त होने का संकेत मिलता रहे।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जिन तालों की मात्राए दो से विभाजित होती हों वे सभी ताल इसके उदाहरण हैं। जैसे—तीनताल, धुमाली, दादरा, कहरवा, झपताल, झूमरा, दीपचन्दी, धमार आदि। दो से विभाजित न होने वाली मात्राओं के ताल में आधी आवृत्ति समाप्त होने के बाद अथवा उसके निकट एक खाली होना आवश्यक है। जैसे—गजझंपा। एक से अधिक खाली होने पर वे लगातार एक साथ नहीं रखी जातो।

बोलों का चयन—गीत प्रकारों के अनुसार विभिन्न प्रकार के ताल, गंभीर तथा खुले और बन्द तथा मुलायम बोलों के द्वारा रचने पड़ते हैं। बोल एक जाति के होकर उनकी रचना प्रत्येक प्रकार की लय में विशोभित न हो इसका ध्यान रखना पड़ता है। ताली, खाली के बोलों का चुनाव भी अच्छा हो। सम यह मुख्य ताली तथा महत्व का स्थान होने के कारण उसके लिये गम्भीर अथवा भरे हुए बोलों का चुनाव होना आवश्यक है। विलम्बित लय के ठेके में प्रत्येक मात्रा भरी सी दिखाई दे। ठेके को अधिक सुन्दर बनाने के हेतु उसके अन्तिम मात्रा में अर्थात सम से पूर्व की मात्रा में एक से अधिक बोल हों। जैसे—झूमरा ताल में है। कुछ ठेके ऐसे भी हैं जो विलम्बित एवं अति द्रुत लय में भी बजाये जा सकें। तीनताल यह इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।

बोल निकालने की विधि

वैसे तो बोल निकालने की विधि "तबला कौमुदी भाग १" में दी गई है। परन्तु कुछ बोल जो उसमें नहीं आये हैं, उनको निकालने की विधि नीचे दी जा रहा है।

धूमकिट—'दिन' और 'धा' का प्रयोग एक साथ करने से 'धुम' बन जायगा। पश्चात बायें से 'कि' और दाहिने से 'ट' निकालने से 'धुमकिट' हो जायगा। वैसे 'किट' को 'तिट' के समान ही बजाया जाता है। कुछ लोग कहते हैं कि 'धुमकिट' यह मृदंग का बोल होने से तबले में नहीं बजाना चाहिये। किन्तु मृदंग के सारे बोल यदि तबले से निकाल लिये जायें तो तबले के पास अपना बचेगा क्या? इसके अतिरिक्त तबले में 'धडान', 'धेट', किडधा', 'दिगड', 'गदिगन' आदि कड़े बोलों का प्रयोग जब सभी गुणीजन करते हैं, तो फिर इस प्रकार का भ्रम उत्पन्न करने की क्या आवश्यकता है? नृत्य के योग्य रचित परनों के सभी बोलों को तबला वादक बजा लेते हैं तो इस 'धुमकिट' ने किसी का क्या बिगाड़ा है। हाँ 'धुमकिट' को 'धुमतिट' करके बजाना तबले के लिये अधिक अच्छा होगा।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तिटतिट—इस बोल को 'तिटकिट', 'तिरतिर' अथवा 'किटकिट' भी पढ़ा जाता है। किन्तु समयानुसार ही इसका व्यवहार करना चाहिये। यदि इस बोल के 'ति' में 'घ' का संयोग कर दिया जाय तो यही क्रमशः 'घिटकिट', 'घिरघिर' अथवा 'घिटतिट' पढ़ा जायगा।

तकता—'त' दाहिने की तर्जनी से बन्द और खुला भी, 'क' बायें से और 'ता' थाप से अथवा चांट से।

किटतक—'कि' बायें से, 'टत' दाहिने से और पुनः बायें से 'क' बजाने से 'किटतक' बजेगा।

तातिट और धातिट—तर्जनी से स्याही पर 'त' और 'तिट' पूर्ववत बजाना चाहिये। यदि इस 'ति' में 'ता' का प्रयोग चांट अथवा थाप से करने से वह 'तातिट' बजेगा। पुनः पहले अक्षर 'त' अथवा 'ता' में 'ध' का संयोग कर देने से 'धातिट' और 'धतिट' भी बजेगा। इसके अतिरिक्त इन्हें कभी-कभी 'धिकिट', 'धाकिट' और 'धकिट' भी पढ़ने की प्रथा प्रचलित है।

तक—दाहिने हाथ से 'दित्' के समान बजाना चाहिये।

तीनाकिना—दाहिने की तर्जनी से लव पर 'ती' चाँट से 'ना' बायें से 'कि' पुनः चांट से 'ना' बजाना चाहिये और यदि 'ती' के साथ बायें का संयोग तथा 'कि' को 'गि' बना दिया तो वही 'धीनागिना' पढ़ा जावेगा। वैसे कायदों की तैयारी में बहुधा 'क' को भी 'घ' अथवा 'ग' की तरह बजाया जाता है। और 'तीनागिना' को 'दीनागिना' भी पढ़ा जाता है।

दिंग, दिड़—'दिंग', 'दिड़' अथवा इसके अनुरूप बोल 'तिन' की तरह बजेंगे। और इनमें पहले अक्षर के साथ बायें से 'ध' का संयोग हो जाय तो वह सभी क्रमशः 'धिंग', 'धिड़' 'धिल', आदि समान बोल धिन् की तरह बजेंगे।

कुधातेटे—'कुधा' में 'तेटे' का संयोग करिये। कभी-कभी इसे 'कुधाकेट' भी पढ़ते हैं। किन्तु द्रुतलय में इसका 'धा' चांट अथवा थाप की अपेक्षा स्याही पर तर्जनी से बन्द बजाना चाहिये।

दिगदिग—को 'कतकत', 'तकतक' अथवा 'तिरकिट' के समान बजाना चाहिये। अर्थात 'दिगदिग' में चार अक्षरों का प्रयोग ठीक उतरता है।

थेइ—इसका प्रयोग 'के' के स्थान पर होता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

थेई—इसमें दो अक्षरों का प्रयोग ठीक रहता है। जैसे—'धेट', 'तेट' आदि का प्रयोग विशेष रूप से किया जाता है।

तिग्धा, तिग्दा—इनको 'तकधा', 'कत्धा', दित्धा' के समान बजाया जाता है।

धिधितिट—बायें से दो बार 'धिधि' और दायें से 'तिट' बजाना चाहिये।

ताल—लिपि

हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति में दो ताल लिपियाँ प्रचलित हैं, जिन्हें विष्णु दिगम्बर पद्धति और भातखण्डे पद्धति कहते हैं।

(१) विष्णु दिगम्बर पद्धति—इस पद्धति में प्रत्येक मात्रा तथा मात्रांश के लिये पृथक चिन्ह होकर जितनी मात्रा का बोल होता है उतनी मात्रा का चिन्ह उस बोल के नीचे लिख दिया जाता है।

मात्राओं के चिन्ह निम्न प्रकार के हैं :—

४	मात्रा का चिन्ह	×
२	,, ,,	~ गुरु
१	,, ,,	— लघु
$\frac{1}{2}$	,, ,,	० द्रुत
$\frac{1}{4}$	,, ,,	⌣ अणुद्रुत
$\frac{1}{8}$	,, ,,	⌣⌣ अणु अणुद्रुत
$\frac{1}{16}$	,, ,,	⌣⌣⌣ अणु अणु अणुद्रुत

इस पद्धति में ताल के विभाग नहीं किये जाते। 'सम' स्थान को दर्शाने के लिये १ और खाली स्थान दर्शाने के लिये + का प्रयोग किया जाता है। अन्य तालियां जिन मात्राओं पर होती हैं वहाँ स्वरों के नीचे उन्हीं गिनतियों को लिख दिया जाता है। विश्रांति का चिन्ह स्वल्प विराम (,) है। इस पद्धति में जहाँ ताल की एक आवृत्ति समाप्त होती है वहाँ एक खड़ी रेखा, स्थाई समाप्त होने पर दो खड़ी रेखायें और जहां सम्पूर्ण गीत समाप्त हो जाय वहां तीन खड़ी रेखाएं लगा देते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

एकताल इस प्रकार लिखा जायगा

धीं धीं धा गे ति र कि ट तू ना क त्ता धा गे ति र कि ट धी ना

१ + ५ + ९ ११

